दिन–शुक्रवार दिनांक– 01 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. उत्तर बिहार के पांच प्रमंडलों के उन्नीस जिलों में आज से धान की सरकारी खरीद शुरू। दक्षिण बिहार में पंद्रह नवम्बर से शुरु होगी धान की खरीद।

02. केंद्र सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना के संचालन को लेकर दिशा–निर्देश जारी किया। ड्रोन खरीदने के लिए स्वयं सहायता समूहों को अधिकतम आठ लाख रुपये तक की मिलेगी सहायता।

03. रेलवे ने आज से अग्रिम आरक्षण की सीमा को घटाकर साठ दिन किया। इकतीस अक्टूबर तक कटाए गए टिकट रहेंगे मान्य।

04. और, प्रदेश के कई हिस्सों में आज गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्योहार पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

अब समाचार विस्तार से.........

———————————————————————————

उत्तर बिहार के पांच प्रमंडलों कोसी, पूर्णिया, सारण, तिरहुत और दरभंगा के उन्नीस जिलों में आज से धान की सरकारी खरीद शुरू हो गयी है। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि दक्षिण बिहार के चार प्रमंडलों में पन्द्रह नवम्बर से पैक्स और व्यापार मंडलों के माध्यम से धान की खरीद की जायेगी। धान खरीद की समय सीमा अगले वर्ष पन्द्रह फरवरी तक निर्धारित की गयी है। डॉक्टर कुमार ने बताया कि इस बार पैंतालीस लाख टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विभाग के पोर्टल पर निबंधित रैयत किसानों से अधिकतम दो सौ पचास क्विंटल और गैर रैयत किसानों से अधिकतम एक सौ क्विंटल धान की खरीद की जायेगी। उन्होंने बताया कि धान क्रय करने के अड़तालीस घंटे के भीतर किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि विभाग इस बार धान बेचने वाले किसानों को बोनस देने पर विचार कर रहा है।

———————————————————————————

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में धान अधिप्राप्ति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री कुमार ने अधिकारियों को धान खरीद की प्रक्रिया सुगम

बनाने, किसानों को तय समय सीमा के अंदर भुगतान सुनिश्चित करने और बिचौलियों पर नजर रखने के निर्देश दिये। बैठक के बाद सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की अधिप्राप्ति सुनिश्चित करना है।

———बाईट———

————————————————————————————

केंद्र सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना के संचालन को लेकर दिशा—निर्देश जारी किया है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के दिशा — निर्देशों के अनुसार योजना का संचालन केंद्रीय स्तर पर एक अधिकार प्राप्त समिति करेगी। इस समिति में कृषि और किसान कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और उर्वरक विभाग के सचिव शामिल होंगे। ड्रोन की खरीदारी के लिए लागत का अस्सी प्रतिशत हिस्सा महिला स्वयं सेवा सहायता समूहों को दिया जाएगा। इस सहायता की अधिकतम राशि आठ लाख रूपये होगी। स्वयं सहायता समूहों के क्लस्टर स्तर के संगठन शेष राशि को राष्ट्रीय कृषि अवसंरचना वित्तीय सुविधा के अंतर्गत ऋण के रूप में जुटाएंगे। महिला स्वयं सहायता समूह के किसी एक सदस्य को ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही कृषि पोषक तत्वों और कीटनाशकों के उपयोग का अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा। उर्वरक विभाग राज्य सरकार के विभागों, ड्रोन उत्पादकों, स्वयं सहायता समूहों और किसानों के साथ समन्वय स्थापित करेगा। समाचार कक्ष से मैं कल्पना झा।

————————————————————————————

रेल टिकटों के अग्रिम आरक्षण के नए नियम आज से लागू हो गए हैं। रेलवे ने अग्रिम आरक्षण की समय सीमा एक सौ बीस दिन से घटाकर साठ दिन कर दी है। हालांकि, इस वर्ष इकतीस अक्टूबर तक किए गए सभी आरक्षित टिकट बरकरार रहेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार साठ दिन पहले के आरक्षण से टिकट जमा करने की संभावनाएं कम होंगी और यात्रियों को अधिक टिकट जारी किए जा सकेंगे। मंत्रालय ने बताया कि विदेशी पर्यटकों के लिए तीन सौ पैंसठ दिन के अग्रिम आरक्षण के प्रावधान में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

————————————————————————————

उत्तर रेलवे का फिरोजपुर मंडल त्योहारों के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए कई विशेष ट्रेन चला रहा है। फिरोजपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि कल अमृतसर से कटिहार के बीच विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन अमृतसर से दिन में एक बजकर पच्चीस मिनट पर खुलेगी और अगले दिन

तड़के तीन बजे कटिहार पहुंचेगी। वहीं, आज एक अन्य ट्रेन का परिचालन लुधियाना से सहरसा के बीच किया जा रहा है। यह ट्रेन लुधियाना से रात दस बजकर पंद्रह मिनट पर सहरसा के लिए रवाना होगी।

———————————————————————————

मालदा रेल डिवीजन के डीआरएम मनीष गुप्ता ने कहा है कि छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से विशेष प्रबंध किये गये हैं। आज मुंगेर में पत्रकारों से बातचीत में श्री गुप्ता ने कहा कि छठ के बाद अपने कार्यस्थल पर लौटने वाले लोगों की सुविधा का भी ध्यान रखा जा रहा है। भागलपुर, सुल्तानगंज और जमालपुर रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन के लिए होल्डिंग एरिया बनाए जा रहे हैं। अतिरिक्त टिकट काउंटर की व्यवस्था की जा रही है।

———बाईट———

———————————————————————————

राज्य की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा समेत एनडीए के सभी घटक दल अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसभाओं का आयोजन कर रहे हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से भी राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेता चुनाव प्रचार अभियान चला रहे हैं। इन सीटों पर तेरह नवम्बर को मतदान होना है।

———————————————————————————

प्रदेश के कई हिस्सों में आज गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्योहार पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि गोवर्धन पूजा के अवसर पर पशुपालकों ने अपने पशुओं की पूजा की। इसके साथ ही कई जगहों पर पारम्परिक खेलों का भी आयोजन किया गया। कुछ जगहों पर कल भी गोवर्धन पूजा मनाई जायेगी। इधर, रविवार को भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार मनाया जायेगा।

———————————————————————————

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर विभिन्न नदी–घाटों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि छठ घाटों की साफ–सफाई और घाटों पर प्रकाश व्यवस्था समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाएं और आम लोग भी जुटे हुये हैं। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आज नालंदा के बड़गांव सूर्यपीठ सहित कई छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर आवश्यक प्रबंध किये जा रहे हैं। इधर, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह और वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने आज पटना के पालीगंज अनुमंडल के दुल्हिन बाजार प्रखंड स्थित उलार सूर्य मंदिर घाट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि घाटों पर पहुंच पथ, पार्किंग और प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इस बीच, छठ पर्व पर सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने पटना में समीक्षा बैठक की। उन्होंने पूजा के दिन निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश दिये।

————————————————————————

दीपावली के बाद राजधानी पटना समेत प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया है। नेशनल एयर क्वालिटी इंडेक्स के अनुसार आज मुजफ्फरपुर की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां का एक्यूआई तीन सौ अड़तालीस दर्ज किया गया। वहीं, हाजीपुर का एक्यूआई तीन सौ बाईस और पटना का तीन सौ छह दर्ज किया गया। इसके अलावा, बेगूसराय का एक्यूआई दो सौ अट्ठावन, पूर्णिया का दो सौ पैंतालीस और सहरसा का दो सौ बत्तीस दर्ज किया गया।

————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के पहाड़पुर स्थित सरिया पंचायत के वार्ड संख्या–तीन में पिछले दिनों पुलिस टीम पर हमले के मामले में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया है। साथ ही उन्होंने पहाड़पुर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के वेतन पर रोक लगा दी है। इसके अलावा एसडीपीओ रंजन कुमार और सर्किल इंस्पेक्टर पूर्णकाम समर्थ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एसपी ने बताया कि पुलिस पर हमला करने वालों की जानकारी देने वालों को पांच हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा।

————————————————————————

भाजपा के प्रदेश महामंत्री और बक्सर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार रहे मिथिलेश तिवारी ने पटना सिविल कोर्ट में बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज करवाया है। श्री तिवारी ने लोकसभा चुनाव के दौरान सुधाकर सिंह पर गलतबयानी करने और तथ्यहीन आरोप लगाने के मामले में यह मामला दर्ज करवाया है।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर जिले के रतारापुर–खड़गपुर मुख्य पथ के चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। तारापुर शहीद चौक पर आयोजित कार्यक्रम में श्री चौधरी ने बताया कि तारापुर अनुमंडल के चारों तरफ बाईपास बनाने की योजना को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके लिए एनओसी लेने का काम जारी है। उन्होंने तारापुर अनुमंडलीय अस्पताल का भी निरीक्षण किया।

———————————————————————

कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने नशीली दवाओं के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद दवाओं का बाजार मूल्य एक लाख रुपये बताया जाता है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले सहोदरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने लगभग पचास किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी के तटीय इलाके में पुलिस ने अभियान चलाकर कई शराब भट्ठियों को नष्ट कर दिया। मौके पर लगभग छह हजार लीटर शराब भी नष्ट की गयी।

———————————————————————

पटना के दानापुर के ईमलीतल गंगा घाट पर एक बच्चे की डूबने से मौत हो गयी। वहीं, एक अन्य बच्चे को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। दूसरी तरफ, सुपौल के

त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कुपरीया में भेंगा नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गयी।

———————————————————————

पटना के फतुहा में एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. उत्तर बिहार के पांच प्रमंडलों के उन्नीस जिलों में आज से धान की सरकारी खरीद शुरू। दक्षिण बिहार में पंद्रह नवम्बर से शुरु होगी धान की खरीद।

02. केंद्र सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना के संचालन को लेकर दिशा—निर्देश जारी किया। ड्रोन खरीदने के लिए स्वयं सहायता समूहों को अधिकतम आठ लाख रुपये तक की मिलेगी सहायता।

03. रेलवे ने आज से अग्रिम आरक्षण की सीमा को घटाकर साठ दिन किया। इकतीस अक्टूबर तक कटाए गए टिकट रहेंगे मान्य।

04. और, प्रदेश के कई हिस्सों में आज गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्योहार पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।